तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

९ सीएम साय वीरांगना अवंतीबाई लोधी के 168 वें बलिदान ...



८ जिले के रेंगाखार सर्किल के जंगल में ...



## नवरात्रि विशेष




### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकिय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## आंदोलन : करही-चिखली मार्ग की जर्जर हालत और मुआवजे को लेकर प्रदर्शन

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों किया हाईवे जाम, 6 घंटे ठप रहा आवागमन





हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

सड़क निर्माण और मुआवजे की मांग को लेकर ग्राम करही के ग्रामीणों ने रविवार को कवर्धा–बेमेतरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्राम अगरी तिराहे के पास टेंट लगाकर किए गए इस प्रदर्शन के चलते हाईवे के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब 6 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।ग्रामीणों का आरोप है कि करही से चिखली मार्ग की हालत वर्षों से बेहद खराब है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। साथ ही, पूर्व में सड़क निर्माण के दौरान किसानों से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक नहीं मिलने से लोगों में भारी नाराजगी है।

इसी को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सड़क पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। दोपहर करीब 4 बजे तक प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। मौके पर थान खम्हरिया की तहसीलदार सरिता मढरिया, नायब तहसीलदार ताम्रध्वज साहू, साजा तहसील प्रशासन तथा बेमेतरा और कवर्धा पुलिस की टीम पहुंची। अधिकारियों की समझाइश और मांगों पर सकारात्मक पहल के आश्वासन के बाद शाम करीब 4:30 बजे चक्काजाम समाप्त किया गया। इस दौरान राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों जाम में फंसे रहे, जिससे दैनिक आवागमन पूरी तरह प्रभावित हुआ।

### सुधार की मांग

गौरतलब है कि कबीरधाम और बेमेतरा जिले की सीमा से लगे ग्राम पंचायत कुआं के आश्रित ग्राम करही के ग्रामीण पिछले करीब 20 वर्षों से तेंदो–चिखली मार्ग के सुधार की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन, गृहमंत्री विजय शर्मा और क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के खिलाफ भी नारेबाजी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण और मुआवजा नहीं दिया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत आने वाली कई सड़कों की हालत भी खराब बताई जा रही है। दर्री–कांपा, अकोला–घिवरी, खाती–गढ़ाघाट, टिपनी–गोपालपुर, थान खम्हरिया–साजा और बम्हनी-सूखाताल मार्ग भी जर्जर स्थिति में हैं। इन क्षेत्रों के ग्रामीणों ने भी जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# 1 अप्रैल से भौतिक चालान खत्म, अब ओटीसी से ही होगी सरकारी राशि जमा

**बेमेतरा।** राजस्व जमा प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए 1 अप्रैल 2026 से भौतिक चालानों की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब सभी विभागों में केवल ई-चालान (ऑनलाइन) प्रणाली के तहत ही राशि जमा होगी, जिसमें ओटीसी (ओवर द काउंटर) सुविधा के माध्यम से चालान जनरेट कर भुगतान करना अनिवार्य होगा। जिला कोषालय बेमेतरा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ अमले को इस नई व्यवस्था के पालन के लिए निर्देशित करने के साथ ही आम नागरिकों को भी इसकी जानकारी देने कहा गया है, ताकि बदलाव के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। नई प्रणाली के तहत ई-चालान पोर्टल पर भरे गए चालान का डेटा सीधे बैंक तक ऑनलाइन पहुंचेगा, जिससे दोबारा डेटा एंट्री की जरूरत खत्म हो जाएगी और समय की बचत होगी। अब बैंक काउंटर पर केवल वही चालान स्वीकार किए जाएंगे, जिनमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर अंकित होगा। कोषालय के अनुसार इस व्यवस्था से न केवल डेटा एंट्री में त्रुटियां कम होंगी, बल्कि लेखांकन प्रक्रिया भी अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगी। साथ ही, जमाकर्ता "सर्च चालान" विकल्प के जरिए अपने चालान का प्रिंट भी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे, जो पहले संभव नहीं था।

- विभागाध्यक्षों को कर्मचारियों व आमजन को जागरूक करने के निर्देश

कोषालय ने सभी विभागों से अपील की है कि वे इस नई डिजिटल व्यवस्था के प्रति कर्मचारियों और आमजनों को जागरूक करें, ताकि 1 अप्रैल से लागू हो रही इस व्यवस्था का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

# भाजपा शहर मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 एवं 21 मार्च को किया गया। इस शिविर में शहर के भा ज पा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठनात्मक गतिविधियों एवं विचारधारा को लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना : अजय

प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक दीपेश साहू, छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें।

शिविर के दौरान विधायक दीपेश साहू, नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं प्रहलाद रजक ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के विस्तार, जनसंपर्क और सेवा भाव को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

### मंडल अध्यक्ष ने जताया आभार

शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने प्रशिक्षण शिविर में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है। प्रशिक्षण शिविर में महामंत्री डॉ. विनय साहू एवं संदीप यादव, उपाध्यक्ष अमरिका निर्मलकर, चैंपेश्वर वर्मा एवं सरस्वती परमेश्वर गायकवाड़, कोषाध्यक्ष नंदू गुप्ता, मंत्री नवीन ठाकुर, रामअवतार साहू, सुमित गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी राकेश वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (किसान मोर्चा) रोहित साहू, पार्षद राजकुमार खंडे, निखिल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### वनांचल की डाली जिले में टॉप पर

**छुईखदान।** साल्हेवारा की होनहार छात्रा कुमारी डाली वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया है। उसका चयन सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। वह पवन वर्मा की पुत्री है। डाली ने प्रारंभिक शिक्षा साल्हेवारा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्राप्त किया। वर्तमान में वह केजऊ राम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी में पाँचवीं की पढ़ाई कर रही हैं। इस सफलता के लिए उसके दादा जीएल वर्मा ने मार्गदर्शन दिया। डाली की इस उपलब्धि से परिवार के साथ वनांचल क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उसे बधाई दी है।

### भीड़ नियंत्रित करने का दिया सुझाव

**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि डॉ. तरुण हत्थेल ने मां बमलेश्वरी मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। डॉ. हत्थेल ने डीआरएम को पत्र लिखकर प्लेटफॉर्म नंबर 3, 4 और 5 पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को पुराने रेलवे टिकट बुकिंग क्षेत्र में उतारने की व्यवस्था करने कहा है जिससे श्रद्धालु सीधे वैकल्पिक अंडर ब्रिज के माध्यम से बमलेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी और चंद्रगिरि सुगमता से पहुंच सकेंगे। उनका कहना है कि यह व्यवस्था भीड़ के दबाव को नियंत्रित करने में मदद करेगी और किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना भी कम होगी। वर्तमान में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ रही है।

## आयोजन : जिले के 545 केंद्रों पर हुई परीक्षा

# जिले में 10 हजार से अधिक नवसाक्षरों ने दी परीक्षा, साक्षरता अभियान को मिली नई गति





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- जिले में 10 हजार से अधिक लोगों ने दी परीक्षा, सास-बहू ने पेश की प्रेरक मिसाल

जिले में रविवार को संचालित साक्षरता कार्यक्रम के तहत चारों विकासखंडों में व्यापक स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान 10 हजार से अधिक असाक्षर नागरिकों ने साक्षर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा जिले के कुल 545 केंद्रों में संपन्न हुई, जहां बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य "उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम" के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक साक्षरता पहुंचाना और "जन-जन बने साक्षर" के लक्ष्य को साकार करना है। महापरीक्षा अभियान का शुभारंभ विकासखंड बेरला के तिवरैया केंद्र में सुबह 11:30 बजे किया गया। इस दौरान शिक्षा मंत्रालय की सीनियर कंसल्टेंट सुश्री सुनीता सिंह चौहान, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की सहायक संचालक स्वाती दास सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नवसाक्षरों से संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई की प्रगति जानी तथा उन्हें निरंतर अध्ययन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ग्राम स्तर पर पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद मटका परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां लक्ष्य 54 के मुकाबले 22 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। यहां भी प्रतिभागियों को बुनियादी गणना और भाषा ज्ञान को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में बेमेतरा उप जेल में भी परीक्षा आयोजित की गई, जहां 22 बंदियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। बंदियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इससे उन्हें समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जेल प्रशासन, शिक्षकगण एवं वालंटियर शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### सास-बहू ने एक साथ दी महापरीक्षा शिक्षा से जुड़ाव का अनूठा उदाहरण

शहर के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित उल्लास साक्षरता महापरीक्षा में 21 परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला जब चंपा बाई साहू (सास) और धनेश्वरी साहू (बहू) ने एक साथ परीक्षा में बैठकर शिक्षा के प्रति अपनी लगन का परिचय दिया। परीक्षा में शामिल होकर दोनों ने खुशी जताई और यह संदेश दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इस पहल ने यह भी दर्शाया कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम ही नहीं, बल्कि परिवारों के बीच बढ़ती दूरियों को कम कर आपसी संबंधों को मजबूत करने का सशक्त साधन भी है। सास-बहू की इस सहभागिता ने समाज के अन्य लोगों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित किया।

### संकुल मुरता से 28 परीक्षार्थी उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा में शामिल



**बेमेतरा/नवागढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में संकुल मुरता नवागढ़ के कुल 28 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 22 मार्च 2026, रविवार को आयोजित इस परीक्षा में उल्लास केंद्र लालपुर सहित विभिन्न केंद्रों में उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। उल्लास केंद्र लालपुर में आयोजित परीक्षा में 3 परीक्षार्थियों ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान आकलन परीक्षा में शामिल होकर खुशी जाहिर की। इस पहल के माध्यम से लालपुर ग्राम को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। महापरीक्षा के दौरान संकुल प्राचार्य नरसिंह जायसवाल एवं संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संकुल मुरता के अंतर्गत अन्य उल्लास केंद्रों में भी परीक्षा का सफल आयोजन हुआ, जिसमें मुरता केंद्र से 11, लालपुर से 3 तथा मुरकुटा से 14 परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान सीएससी सतीश कुर्रे, उल्लास नोडल बृजपाल सिंह डाहिरे (लालपुर), परमेश्वर प्रसाद साहू (मुरता), लालाराम यादव (कामता), मंतराम साहू (मुरकुटा) सहित शिक्षकगण—बीनूराम साहू, रतिराम वर्मा, शान्त कुमार पटेल एवं अन्य उल्लास शिक्षक उपस्थित रहे।



# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने निकाली गणगौर की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ थान खमरिया

- सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं ने विधि-विधान से किया गणगौर पूजन

अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में 16 दिवसीय गणगौर महोत्सव के अंतिम दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सजी-धजी महिलाओं एवं युवतियों ने बाजे-गाजे के साथ पूरे उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं के साथ-साथ कुंवारी कन्याओं ने भी पारंपरिक विधि-विधान से गणगौर पूजन किया। एक दिन पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर माता का रात्रि जागरण भी किया गया था।

चैत मास में आयोजित इस उत्सव के दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर ईसर-गौरा की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना कर महिलाओं ने अखंड सुहाग, सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। गणगौर पर्व के मौके पर महिलाएं सिर पर गणगौर माता की प्रतिमाएं रखकर लोकगीतों पर नृत्य करती नजर आईं। पूरे नगर में शोभायात्रा के दौरान श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना रहा।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी महिलाएं पूरी श्रद्धा के साथ निभा रही हैं। गणगौर उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करता है। अग्रवाल समाज एवं ब्राह्मण समाज की सभी महिलाएं एवं युवतियां राधा-कृष्ण मंदिर में एकत्रित हुईं। इसके पश्चात वे सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंचीं, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। ढोल-ताशों के साथ नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा निकाली गई और अंत में तालाब में गणगौर माता की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पूरे नगर में इस दौरान उत्सव का माहौल बना रहा।

# संबलपुर इलेवन बनी चैंपियन, पेंडरी उपविजेता



**नांदघाट।** संबलपुर में आयोजित संबलपुर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच संबलपुर एवं पेंडरी के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए संबलपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 99 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में पेडरी की टीम मात्र 86 रन ही बना पाई। इस तरह संबलपुर इलेवन ने संबलपुर प्रीमियर लीग का प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए जो की कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा दिया गया। कब्जा जमाया और पेंडरी की टीम दूसरे स्थान पर दूसरा पुरस्कार 15000 रुपए जो जनपद सदस्य तारकेश्वरी साहू द्वारा दिया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला पंचायत अंजू बघेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने विजयी और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए और कहा कि खेल में टीम स्पीरीट की भावना सर्वोपरी होती है। इसी भावना को लेकर सब के साथ सबके विकास के लिए आगे बढ़े। खेल मैदान में सरपंच संबलपुर कविता तेवलकर मनीष चौबे उपसरपंच दिलेश्वर डेहरे रामअवतार वर्मा, मुकेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामवासी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित रहे।

# मार्शल आर्ट्स बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा 30 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- अभिभावक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर हुई चर्चा

शहर में द वारक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस एकेडमी द्वारा प्रथम संयुक्त अभिभावक-शिक्षक बैठक एवं द्वितीय बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों के खेल कौशल के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रशिक्षकों और अभिभावकों के बीच विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं अनुशासनात्मक विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई तथा अभिभावकों के सुझावों को महत्व दिया गया। इसके पश्चात आयोजित बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपने कौशल, तकनीकी दक्षता, फिटनेस एवं आत्मरक्षा क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न बेल्ट स्तरों के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इस परीक्षा में कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 18 ऑरेंज बेल्ट एवं 12 येलो बेल्ट के खिलाड़ी शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में पार्षद विकास तंबोली, नीतू कोठरी, अधिवक्ता विवेक पोल, भाग्यश्री पोल एवं नम्रता साहू शामिल हुए। वहीं भिलाई से सिहान अमल तालुकदार एवं दत्तात्रेय राव की विशेष उपस्थिति में बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न हुई। मुख्य प्रशिक्षक भानु प्रताप साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मार्शल आर्ट्स केवल आत्मरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास का सशक्त साधन है। उन्होंने निरंतर अभ्यास और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी

आयुषी साहू, श्रेया शर्मा, हरि राम, सर्वेश पोल, यशस्वी वर्मा, राजवीर वर्मा, रूद्र चौहान, अर्नब वर्मा, अरव सिन्हा, वसुन्धरा शुक्ला, आरुषि बंजारे, जीयांशी देवांगन, भावी टंडन, आस्था वर्मा, दिव्यांशी पैकरा, आभा पांडे, अमय शर्मा, अनाया शर्मा। येलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में आर्विका तिवारी, कशिका ठाकुर, काशवी ठाकुर, वरुणी सिंह, मोहम्मद आर्यन खान, विवान सिंह, ईशान सोनी, महम नायला कुरैशी, ज़ैनैब फातिमा कुरैशी, भाग्यश्री वैष्णव, गुरमेर कौर एवं रमणीक कौर रही।

# चैत्र नवरात्रि : मंदिरों में जगमगाई ज्योति, गूंजे जसगीत और उमड़े भक्त





हरिभूमि न्यूज ▸▸ थान खम्हरिया

वैदिक पंचांग के अनुसार 22 मार्च को चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि रविवार को भरणी और कृत्तिका नक्षत्र रहने व वैधृति और विष्कुम्भ योग रहने के साथ ही आज नगर सहित ग्रामीण अंचलो के मंदिर देवालयो में चैत्र नवरात्रि की ज्योति भी जगमगाने लगी है तो ज्वारा भी अब कलश चढने लगी। अंचल के देवालयो में भक्तो की भीङ भी देखी जा रही है वही देर रात तक जगगीत की गूंज भी सुनाई देने लगी है।इस नवरात्रि पर निजि तौर पर घरो मे भी ज्योति जवांरा की स्थापना बहुतायात मे की गई है।समीपस्थ ग्राम करमू के प्रसिद्ध चण्डीधाम मंदिर मे 821 चण्डीधाम गौरमाटी मे 303 तथा थान खम्हरिया के प्राचीन मंदिर कुटीधाम मे 106 ज्योति कलश की स्थापना हुई है जहां रोजाना सुबह शाम विशेष आरती व माता की सेवा की जा रही है। 26 माच गुरूवार को महाष्टमी पर सभी मंदिर देवालयो मे हवन पूजन कार्यक्रम के आयोजन के साथ ही जगह जगह भोज भण्डारे का भी विशेष आयोजन किये जायेंगे।

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पूरे नव दिन का होने वाला है इसलिए देवी अराधना,व्रत तथा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भक्तिभाव की बयार बहने वाली है। समीपस्थ ग्राम करमू के चण्डीधाम मंदिर मे प्रति रात्रि झांकी के साथ जसगीत का वृहद आयोजन की जाती है। नगर के प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर मे 232,शीतला मंदिर मरार पारा मे110, महाभाया मंदिर कुंभकार पारा 34,शीतला मंदिर भाठापारा मे 63 तथा कुटिधाम मंदिर 106 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किये गये है। नवरात्रि पर मंदिरो में ज्योति दर्शन करने भक्तजनो की भीङ देखी जा लही है जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक है, सभी मंदिरो मे देवी दर्शन हेतु विशेष सुविधा प्रदान की गई है। चैत्र नवरात्रि के विशेष अवसर पर एकम से लेकर अष्टमी तक महिलाओं सहित पुरूष व बच्चे व्रत रख कर इच्छित वर की प्राप्ति करेगे। इस प्रकार अंचल भर मे चैत्र नवरात्रि की धूम चल रही है वही चहुंओर मांदर की थाप में जगह-जगह जसगीत की आरोजन देर रात तक चल रही है।

## महामाया दरबार में आस्था की जोत...



**नांदघाट।** ग्राम घोरहा में महामाया माता के दरबार में चैत्र नवरात्री में इस वर्ष 118 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है। ग्रामवासी सोनसाय वर्मा शांतनु वर्मा, नकुल वर्मा, पवन वर्मा, थानु यादव, मन्नू यादव, धनंजय राजपूत, श्याम वर्मा, रामानंद राजपूत, रामदूलार बैगा, निरंजन बैगा, प्रमुख रूप से माता सेवा में समर्पित हैं। धर्म जागरण के लिए सजग प्रसिद्ध घोरहा में नवरात्र पर्व पर विशेष उत्साह है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर